तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



केशकाल घाटी में रोज लग रहा जाम, चालकों के ... 12





शारीरिक के साथ बौद्धिक, सांस्कृतिक गतिविधियों... 12




## खबर संक्षेप

### वृद्धजन दिवस पर वृद्धों का सम्मान, स्वास्थ्य जांच भी



**जगदलपुर।** वृद्धजन दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस आस्था निकुंज में माताओं का सम्मान किया गया। प्रतिवर्ष की भांति वृद्धजन दिवस पर आस्था निकुंज वृद्धाश्रम में माताओं को अनिता राज के आतिथ्य में उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य रामशंकर राव, अनिल अग्रवाल, अजयपाल सिंह, डीके पराशर, अनिल देवांगन, अलेक्जेंडर एम चेरियन आदि शामिल रहे। इस अवसर पर नगर निगम एमएमयू टीम द्वारा हेल्थ जांच किया गया।

### अग्रसेन महाराज की नवीन प्रतिमा का अनावरण कल

**जगदलपुर।** शहर के अग्रसेन चौक में अग्रसेन महाराज की जयंती पर उनकी नवीन प्रतिमा का अनावरण विधायक तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव करेंगे। 3 अक्टूबर को अपरान्ह 3.30 बजे अनावरण कार्यक्रम रखा गया है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर सांसद महेश कश्यप, महापौर सफीरा साहू, पूर्व विधायक रेखचंद जैन भी मौजूद रहेंगे।

### उपभोक्ता रहे परेशान, मरम्मत कार्य में दिनभर जुटे रहे कर्मी



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी ने 33, 11 केव्ही उपकेन्द्रों एवं लाइनों का दीपावली पूर्व रखरखाव, संधारण कार्य किया जा रहा है। इसमें सोमवार को इंडस्ट्रियल एरिया, नयामुंडा, होटल अथिति, बीएसएनएल ऑफिस, तिरंगा चौक, रैन बसेरा, साई मंदिर, मिशन स्कूल, साई बाबा लेआउट कॉलोनी, बृजराज नगर, सॉई कालोनी, अटल आवास, नया हाउसिंग बोर्ड कालोनी आदि में बिजली बंद रही। इसके चलते जहां उपभोक्ता परेशान रहे वहीं दूसरी ओर सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, बीएस उरांव आदि कर्मचारियों के साथ जुटे रहे। विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग (शहरीय) के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि उपभोक्ताओं परेशानी नहीं हो सके इसके लिए मेंटनेंस किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार को ग्रीन सिटी, इंडस्ट्रीज फीडर के सिंधी कालोनी, कोतवार पारा, तेतरकुटी पारा, वर्गीस कालोनी, बालाजी हास्पीटल, अर्शिया स्काई, अविनाश वुड, ग्रीन सिटी कालोनी, गोड़वाना भवन एरिया, श्वेता कालोनी, अभिनंदन पार्क, मेटगुड़ा, खुटेगली, गीदम रोड, माड़िया पारा, आशीर्वाद कालोनी, कोसा सेंटर गीदम रोड, परपा नाका पारा, परपा थाना, परपा पुलिस लाईन में बिजली बंद रहेगी।

### झांकी में मथुराडीह व नृत्य में गुदगुदा की मंडली अव्वल रही

**धमतरी।** ग्राम परसुली में तीन द्विवसीय अखंड रामधुनी का समापन हुआ। यहां दूरदराज की लगभग 17 रामधुनी मंडली की प्रस्तुति हुई। झांकी पक्ष में प्रथम रामधुनी मंडली मथुराडीह, द्वितीय रामधुनी मंडली बकली, तृतीय रामधुनी मंडली नरहरपुर व नृत्य पक्ष से प्रथम छत्तीसगढ़ रामधुनी मंडली गुदगुदा, द्वितीय जय दुर्गे रामधुनी मंडली सुपेला, तृतीय भगवती रामधुनी मंडली कुर्रा ने बाजी मारी। समापन अवसर पर पर पहुंचे सरपंच धनसाय साहू ने इस आयोजन की प्रशंसा की।

# नगरनार स्टील प्लांट ने स्टील उद्योग में नए बेंचमार्क किए स्थापित

**भारतीय मानक ब्यूरो ने प्रदान किए चार लाइसेंस, देश का पहला एकीकृत इस्पात संयंत्र होने का मिला गौरव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने भारत में पहला एकीकृत इस्पात संयंत्र होने का गौरव प्राप्त किया है। जिसे एक साथ चार एकीकृत प्रबंधन प्रणाली आईएसओ लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। भारतीय मानक ब्यूरो याने बीआईएस के उप महानिदेशक ने सोमवार को कोलकाता में एनएसएल के कार्यकारी निदेशक एवं अध्यक्ष, एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार के. प्रवीण कुमार को लाइसेंस प्रमाण पत्र प्रदान किए हैं। प्रदान किए गए लाइसेंसों में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) आईएसओ 14001, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) आईएसओ 9001, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (ओएचएसएमएस) आईएसओ 45001 और ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (ईएनएमएस) आईएसओ 50001 शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर एनएसएल के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा इन प्रतिष्ठित आईएसओ प्रमाणपत्रों को प्राप्त करने पर गर्व है, जो न केवल हमारी तकनीकी विशेषज्ञता को स्वीकार करते हैं, बल्कि भारत में इस्पात उत्पादन के मानकों को ऊंचा उठाने के हमारे दृढ़ संकल्प को भी स्वीकार करते हैं। यह मील का पत्थर निरंतर सुधार और नवाचार की शक्ति में हमारे विश्वास को मजबूत करता है। भविष्य को देखते हुए, एनएसएल ब्रेक-ईवन की राह पर है और हम वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही तक इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### कठोर परीक्षण और मूल्यांकन शामिल

बीआईएस प्रमाणपत्र भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी किए गए प्रमाणन को संदर्भित करता है जो दर्शाता है कि कोई उत्पाद विशिष्ट गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। प्रमाणन प्रक्रिया में प्रासंगिक भारतीय मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कठोर परीक्षण और मूल्यांकन शामिल है। ये प्रमाणन एनएसएल के मूल्यों और गुणवत्ता प्रदान करने, सुरक्षा बनाए रखने और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति इसकी गहरी प्रतिबद्धता के सार को दर्शाते हैं। बीआईएस से मान्यता कठोर मानकों को पूरा करने के लिए एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के समर्पण और निरंतर सुधार की इसकी निरंतर खोज को रेखांकित करती है।



#### एनएसएल कलेक्टिव उम्मीदों पर खरा उतरेगा: कुमार

एनएसएल के ईडी और एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार के प्रमुख के. प्रवीण कुमार ने एनएसएल की प्रतिष्ठा को बनाए रखने का संकल्प लेते हुए कहा हम निरंतर सुधार की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखने के लिए तत्पर हैं। आज की मान्यता हमारे ऊपर निर्धारित मानकों पर खरा उतरने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी डालती है। हमें पूरा यकीन है कि एनएसएल कलेक्टिव उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

**सफलता:** शहर के तीन शोरूम से लॉकर समेत लाखों रुपए नकद किया था पार

# देशभर के कार शो- रूम में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देशभर में कार शो-रूम में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बस्तर पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को एमपी के खरगोन से गिरफ्तार किया है।

- जगदलपुर व रायगढ़ समेत अन्य राज्यों में चोरी की घटना को दिया था अंजाम

गिरोह द्वारा जिले के परपा थाना क्षेत्र में एक ही रात में तीन शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लॉकर समेत लाखों रूपए की चोरी को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से आरोपियों से 40 हजार रूपए नकद के अलावा बैंक खातों से 2 लाख रूपए तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त अर्टिगा कार, फर्जी नंबर प्लेट व हथियार बरामद कर जब्त किया गया है।

मामले का खुलासा करते हुए प्रेसवार्ता में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि शातिर आरोपी एक ही रात में तीन शोरूम से लॉकर समेत नकद राशि चोरी कर फरार हो गए थे। चोरी की सूचना मिलते ही एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल, डीएसपी सायबर गीतिका साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी परपा दिलबाग सिंह व सायबर प्रभारी गौरव तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। एसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान वारदात के तरीके व अन्य राज्यों से जानकारी प्राप्त कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों का पता जिला खरगोन एमपी में होना पाया गया। आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए 25 सितम्बर को निरीक्षक सुरेश जांगड़े, डोमेन्द्र कुमार सिन्हा व एसआई प्रमोद ठाकुर के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाकर एमपी के जिला खरगोन एवं खंडवा के रवाना किया गया था। टीम द्वारा मौके से दो आरोपी रोहित राठौर 28 वर्ष निवासी टेमरना थाना गोगोंवा जिला ⏭ शेष पेज 12 पर



#### गिरोह के सात सदस्यों ने गूगल में सर्च कर वारदात को दिया था अंजाम

गौरतलब है कि देशभर के कार शोरूम में गिरोह द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गिरोह द्वारा 23 सितम्बर की दरम्यानी रात शहर के तीन शोरूम में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इससे पूर्व 13 सितम्बर को रायगढ़ के दो शोरूम में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना दिनांक की रात मध्यप्रदेश से गिरोह के सात लोग सीधे बस्तर आकर गूगल में कार शो-रूम सर्च कर घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से अर्टिगा कार के अलावा, चांदी का सिक्का, नकद 40 हजार रुपए, मोबाइल, लॉकर व अन्य सामान जब्त किया गया।

#### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में एसआई प्रेमप्रसाद पानीग्रही, एएसआई यज्ञनारायण पानीग्रही, प्रधान आरक्षक जोगीलाल बुडेक, लवन पानीग्रही, गैंदसिंह नाग, आरक्षक गोबरू कश्यप, अजीत सिंह, गौतम सिन्हा, रवि कुमार, मुकुन्द भंडारी, कृष्णा सावड़े, सोनू गौतम, ओमप्रकाश सिंह, हेमचंद मौर्य, भूपेन्द्र नेताम व हिमांशु यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# देवभोग के घी से नवरात्र में जलेगा ज्योति कलश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

घी में गाय की चर्बी और मछली का तेल का मामला आंध्रप्रदेश के प्रख्यात तिरूपति मंदिर में सामने आने के बाद बस्तर में भी नकली घी को लेकर लोग जागरूक हो रहे हैं। अब चूंकि 3 अक्टूबर से नवरात्र का पर्व शुरू हो रहा है इसलिए सरकार ने भी असली घी से ज्योत जले इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। शहर के दंतेश्वरी मंदिर टेम्पल कमेटी की बैठक में देवभोग के घी से ज्योति कलश जलाने का निर्णय लिया गया है। पूर्व में नोवा घी का उपयोग किया जाता रहा है। बैठक के दौरान टेंडर भरने वाले कुछ व्यापारी भी मौजूद थे।

- दंतेश्वरी मंदिर टेम्पल कमेटी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

तहसीलदार रूपेश मरकाम ने कहा कि शासन ने शुद्धता को ध्यान में रखते हुए सरकारी डेयरी देवभोग से घी मंगवाकर ज्योति कलश में उपयोग करने का आदेश दिया है। इसी के परिपालन में इस साल नवरात्र पर श्रद्धालुओं के द्वारा दंतेश्वरी मंदिर में जलने वाले ज्योत में देवभोग का घी उपयोग में लिया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर टेम्पल कमेटी के सदस्य अशोक अरोरा, राजीव नारंग, अर्जुन श्रीवास्तव, विशाल भारत समेत अन्य लोग मौजूद थे। सभी ने नवरात्र पर शुद्धता का विशेष तौर पर पालन करने की इच्छा जाहिर की।

# उलनार की वनभूमि में हुए अतिक्रमण को हटाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर वनमण्डल के बकावंड परीक्षेत्र अंतर्गत आसना सर्किल के उलनार बिट में परिक्षेत्र अधिकारी बकावंड उड़नदस्ता प्रभारी, उनके पूरे टीम, बकावंड परिक्षेत्र के कर्मचारियों, वन प्रबंध समिति के सदस्यों तथा ग्राम के प्रमुख ग्रामीणों के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाया गया। ग्रामीणों को जल जमीन जंगल सुरक्षित रखने एव जंगल में अतिक्रमण नहीं करने समझाइश दिया गया। इस कार्रवाई में वन विभाग को गांव वाले का भरपूर सहयोग मिला। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वन विभाग द्वारा शहर के साथ-साथ अंदरूनी क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाने पर निगरानी की जा रही है। इसके चलते वन विभाग के अधिकारी, मैदानी कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र एवं जंगल में सर्चिंग कर रहे हैं। पर्यावरण सुधार के लिए वनों की कटाई को नियंत्रित करना बहुत आवश्यक है।

# इन्द्रावती व महानदी विवाद को जल्द सुलझाए सरकार: जोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में शिक्षा, लोगों का विश्वास, विकास व यहां के नौजवान सभी बदहाल हो गए हैं, लेकिन यहां के नेता चाहे बीजेपी के हो या कांग्रेस के सब मालामाल हो गए है। यह कहना था जोगी कांग्रेस के प्रमुख अमित जोगी का। उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से आज चर्चा की।

- प्रदेश के लोग बेहाल लेकिन कांग्रेस व बीजेपी के नेता हुए मालामाल
- अमित ने कहा, कांग्रेस की न्याय यात्रा का स्वागत, मौका मिला तो होंगे शामिल

श्री जोगी ने कहा कि छग व ओडिशा दोनों राज्यों में बीजेपी की सरकार है। इस अवसर का फायदा लेते हुए महानदी व इन्द्रावती के जल को लेकर जो अन्याय हो रहा है उसे सुधारा जाना चाहिए। इन्द्रावती जलप्रवाह के कारण जो इलाका डूबान में आता है ऐसे सारे लागों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।ओडिशा जिसे हर साल 120 टीएमसी पानी छग व बस्तर को देना था वो 60 टीएमसी पानी भी नहीं दे रही है। ओडिशा के खातीगुड़ा समेत अन्य जगहों पर बिना छग को सूचना दिए बांध बना दिया गया जो पानी यहां आना था उसे रोकने लगे है। अब नया अकॉर्ड होना चाहिए जिसमें कम से कम 250 टीएमसी पानी इन्द्रावती में देना चाहिए। सरकार ⏭ शेष पेज 12 पर



# चित्रकोट का महिला समूह चलाएगा अब बड़े धाराउर की राशन दुकान को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के बड़े धाराउर राशन दुकान के संचालन को लेकर कई दिनों से चल रहे विरोधाभास के बाद अपर कलेक्टर सीपी बघेल के आदेश के बाद चित्रकोट की महिला समूह को दुकान चलाने का जिम्मा सौंपा गया है।

इस संबंध में एसडीएम लोहण्डीगुड़ा शंकर सिन्हा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि विधायक ने पंचायत को दुकान का संचालन करने का पत्र भेजा है जो अपर कलेक्टर के आदेश के 15 दिन बाद मिला है। इसलिए अपर कलेक्टर के आदेशानुसार चित्रकोट की महिला समूह दुकान चलाएगी। गौरतलब है कि बस्तर जिला थोक सहकारी भंडार मर्यादित के पीएन मिश्रा ने अपर कलेक्टर के न्यायालय में अपील अधिवक्ता के माध्यम से की थी। पहले उनकी संस्था दुकान का संचालन करती थी। जिसकी शिकायत के बाद एसडीएम ने 26 फरवरी 2024 को जारी आदेश में बड़े धाराउर के दुकान को निलंबित कर दिया था तथा जनहित को ध्यान में रखते हुए निकटतम शासकीय उचित मूल्य दुकान यमुना महिला स्वसहायता समूह चित्रकोट को अस्थायी रूप से संचालन का आदेश दिया था। अब यही समूह अपर कलेक्टर न्यायालय के आदेश पर दुकान का संचालन करेगी।

#### सरकार बदलते ही उठापटक शुरू

गौरतलब है कि सरकार बदलने के साथ ही राशन दुकान समेत आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन, बीईओ, बीआरसी और वन विभाग समेत अन्य महत्वपूर्ण विभागों के फील्ड के अधिकारी, कर्मचारियों को हटाने और अन्य को बिठाने का खेल चल रहा है। बड़े धाराउर राशन दुकान के मामले में भी ग्रामवासियों तथा पार्टी से जुड़े लोगों ने विधायक विनायक गोयल से पहल करने का अनुरोध किया था। इसलिए उन्होंने एसडीएम लोहण्डीगुड़ा को पत्र भेजा लेकिन यह पत्र अपर कलेक्टर न्यायालय के आदेश के बाद मिला।

**4 तस्करों को कोर्ट ने 10 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल**

# पर्यावरण के लिए फायदेमंद व तंत्र को संतुलित रखते हैं पैंगोलिन : सीसीएफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पैंगोलिन एक शल्कदार स्तनधारी है जो पर्यावरण के लिए कई तरह से फायदेमंद है। पैंगोलिन कीड़े खाते हैं, जिससे चींटियों और दीमक की संख्या पर नियंत्रण रहता है। पैंगोलिन की खुदाई से मिट्टी में हवा लगती है और वह पलट जाती है। पैंगोलिन के बिल छोड़ने से दूसरे जानवरों को आश्रय मिलता है। पैंगोलिन को जंगल का संरक्षक कहा जाता है, क्योंकि वे दीमक से जंगलों को बचाते हैं और परिस्थिति की तंत्र को संतुलित रखते हैं। खतरे में होने पर पैंगोलिन तुरंत गेंद की तरह सिकुड़ जाता है और अपनी पूंछ से खुद को बचाता है। हालांकि पैंगोलिन को बचाने के लिए कई चुनौतियां हैं। कई एशियाई संस्कृतियों में पैंगोलिन के शल्क को औषधीय और जादुई गुणों वाला माना जाता है, इसकी वजह से काले बाजार में इनकी भारी मांग है।



यह बातें मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने मंगलवार को पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बस्तर जिले के करपावण्ड कोलावल मार्ग पर घेराबंदी कर 2 मोटर सायकल में जूट की थैले में एक जीवित पैंगोलिन सहित चार आरोपियों को पकड़ा गया। तस्कर रंजीत मलिक, मकर भतरा, अजय निहाल एवं लबा सुना को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 10 दिन के रिमांड में जेल भेजा गया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि कहां पैंगोलिन पकड़ा था। पत्रवार्ता में डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ योगेश रात्रे, रेंजर देवेन्द्र सिंह वर्मा शामिल रहे।

#### लोगों में अंधविश्वास

*सीसीएफ ने बताया कि लोगों में अंधविश्वास है कि पैंगोलिन के स्केल और मांस का चाइनीज मेडिसीन में ज्यादा उपयोग हो रहा है, जिसका दवाइयों का आज तक कोई वैज्ञानिक रूप से उपयोगिता प्रमाणित नहीं हुई है। इसके बाद भी पैंगोलिन की ब्लैक मार्केट में मांग बनी हुई है।*


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

## छाती में रामधुनी सम्मेलन जारी

**पुरी।** ग्राम छाती के बाजार चौक में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश देवांगन सरपंच छाती ने किया। अध्यक्षता कमलेश चंद्राकर उपसरपंच छाती ने की। विशिष्ट अतिथि ओंकार पटेल क्रीड़ा शिक्षक, विजय गायकवाड़ जनपद सदस्य धमतरी, राजकुमारी कंवर, नरोत्तम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज छाती थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि तुलाराम साहू छाती होंगे। अध्यक्षता सुरेन्द्र चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि नरसिंग चंद्राकर, रामप्रसाद धनकर, रमेश यादव पूर्व उपसरपंच होंगे।

## नुक्कड़ नाटक से छात्र देंगे गांधीजी का संदेश

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह स्थित अजीम प्रेमजी हाईस्कूल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर स्वच्छता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है। विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से गांधीजी के स्वच्छता संबंधी संदेश को ग्रामीण जन तक पहुंचाना जागरूकता रैली का उद्देश्य है। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत के संदेश से ग्रामीण जनों को अवगत कराया जाएगा। नुक्कड़ नाटक से प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को दिखाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। स्वच्छता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पालकों के लिए कला प्रदर्शनी और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा कक्षा के दौरान बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# केशकाल घाटी में रोज लग रहा जाम, चालकों के ओवरटेक करने से बढ़ी परेशानी

## थाना प्रभारियों ने बस एजेंटों की ली बैठक, चालकों के लिए दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल घाटी में वाहन चालकों की लापरवाही के कारण इन दिनों लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। खास तौर पर छोटी कारों और यात्री बसों के चालकों द्वारा की जाने वाली ओवरटेकिंग के कारण रात के वक्त 4-5 घंटों तक जाम की स्थिति बन रही है। इसके साथ ही आगामी दिनों में घाटी के नवीनीकरण के लिए प्रशासन द्वारा घाट में वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित करने पर भी विचार किया जा रहा है।

ऐसे में केशकाल थाना प्रभारी विकास बघेल ने मंगलवार को थाना परिसर में केशकाल के सभी बस कंपनियों के एजेंटों के साथ बैठक रखी थी। इस दौरान थाना प्रभारी ने एजेंटों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आप अपने अपने कंपनी के ड्राइवरों तक यह जानकारी पहुंचाएं कि शहर व घाटी में कभी भी ओवरटेक न करें। यदि उनकी वजह से घाटी में जाम लगता है, तो ड्राइवर व वाहन के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### घाट के नवीनीकरण में सभी करें सहयोग: बघेल

इसके साथ ही थाना प्रभारी श्री बघेल ने बताया कि आगामी दिनों में घाटी का नवीनीकरण प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में घाटी में सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। इसलिए पुलिस- प्रशासन वाहनों का रूट डायवर्ट करने पर विचार कर रहा है। इसमें आप सभी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और डायवर्टेड रुट का पालन करेंगे। इस दौरान महिंद्रा ट्रेवल्स, कांकेर रोडवेज, रॉयल ट्रेवल्स, मनीष ट्रेवल्स, पायल ट्रेवल्स एवं अन्य बसों के एजेंट मौजूद रहे।

## समारोह: सशिमं गम्हरी में जिलास्तरीय खेलकूद, बौद्धिक कार्यक्रम का समापन

# शारीरिक के साथ बौद्धिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्र- छात्राएं भाग लेकर अपने लक्ष्य को करें हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



सरस्वती शिशु मंदिर गम्हरी में तीन दिनों तक खेलकूद एवं बौद्धिक कार्यक्रम सम्पन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अथिति नीलकठ टेकाम केशकाल विधानसभा के विधायक रहे। श्री टेकाम ने कबड्डी का फाइनल मैच का शुभारंभ कराया। कबड्डी में भंडार सिवनी विजेता, उपविजेता धनौरा विद्यालय रहा।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक टेकाम ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसी संस्था है जो छात्र- छात्राओं का व्यक्तित्व विकास करता है। स्कूल में शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दिया जाता है। सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की नेतृत्व करने का क्षमता बहुत अधिक होती है। शाला में अध्यापन कराने वाले आचार्यों, दीदी, चाणक्य और वाल्मिकी की तरह शिक्षा प्रदान करते हैं। छात्र- छात्राओं को लव, कुश, ध्रुव, प्रहलाद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद स्वामी विवेकानंद सीता सावित्री दुर्गा जैसा बनने के लिए प्रेरित करते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुकुल की शिक्षा की भांति सिखाया जाता है। सरस्वती शिशु मंदिर में होने वाला प्रत्येक खेल विजेता भैया बहन शिखर की ओर बढ़ते जाते हैं। जिला, प्रांत, क्षेत्र, अखिल भारती फिर आगे तक निरंतर बढ़ते रहते हैं। जीवन में खेल का विशेष महत्व है। शारीरिक के साथ साथ बौद्धिक सांस्कृतिक गतिविधिओं में भी भाग लीजिए और माता- पिता, गांव, देश का नाम रोशन कीजिये। खेलकूद के साथ- साथ अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखिए। विद्यार्थी जीवन एक तपस्वी का जीवन है। आप सभी समय रहते हुए अपनी ऊंचाई, मंजिल तक पहुंच जाइये।

तीन दिनों तक 800 लोगों के लिए एकसाथ बनाते थे भोजन- जिला स्तरीय खेल में ग्रामवासियों में बहुत उत्साह देखने को मिला ग्रामीणजनों का इस खेल में विशेष योगदान और सहयोग रहा। सरस्वती शिशु मंदिर के नियमों को देख कर ग्रामीणजनों में खुशी की लहर छा गई थी। तीन दिनों तक 800लोगों के लिए एक साथ भोजन बनाते थे। समय पर भोजन खिलाते थे। भोजन प्रभारी लता साहू, संजय नदी, श्यामा नाग दुर्योधन के साथ ग्रामवासी के तीन दिनों तक निस्वार्थ भाव से कार्य में लगे रहे।

ये रहे उपस्थित - समापन में तोरण वर्मा अध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला कोंडागांव त्रिलोक सार्वा, सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा रोहित कौशिक कोषाध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति कोंडागांव समिति जिला कोंडागांव पुरेन्द्र कौशिक उपाध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति कोंडागांव, सरस्वती शिशु मंदिर जिला कोंडागांव के मार्गदर्शनकर्ता बीरेंद्र कुमार साहू जिला समन्वयक जिला कोंडागांव, जमदेर बडे, अशोक मरावी, शंकर लाल पाण्डे, ताम्बेश कोर्राम, उमेश यादव, श्रवण नायक, फूलदास कश्यप, रामेस्वर कोर्राम, चंद्र शेखर नाग मिनी विश्वाश, लता साहू ममता पोयाम, अमरबती, यादव मगतु यादव, जमुना, कश्यप, खोमन नागे महेन्द्र पाण्डे, हेमंत पात्र, संतोष मण्डावी कोंडागांव जिला ओर नारायणपुर जिला के प्रति भागी भैया बहन, आचार्य, दीदी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत का किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के माकड़ी में गोंडवाना समाज समन्वय समिति के तत्वावधान में 29 सितंबर को आयोजित नवाखाई जोहार भेंटनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत आदिवासी पाटी के बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत का बुमयार नयताम लालसाय चौक में भव्य स्वागत किया गया। भारतीय संसद में आदिवासियों के जल, जंगल व जमीन तथा हक अधिकार की बात को दमदारी से बात रखने के बाद से पूरे भारत के आदिवासियों में एक नई राजनीतिक उम्मीद का संचार हुआ है। राष्ट्रीय राजनीति में भारत आदिवासी पार्टी एक नया इतिहास लिखने की तैयारी में जुट गई है। युवाओं में राजकुमार के प्रति विश्वास व नया उत्साह का सैलाब दिखा।

# अतिथि शिक्षकों ने मांगा चार का वेतन तुर्की स्कूल में नये शिक्षक की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर जनदर्शन मांगों व समस्याओं के मिले 38 आवेदन
- राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वन अधिकार पत्र भी मांगे गए

जिला कार्यालय में आयोजित सा प्ता हि क जनदर्शन में सोमवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत के समक्ष आम नागरिकों ने विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं पर आवश्यक जांच कर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर जनदर्शन में आज ग्राम तुर्की के ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक की लगातार बिना सूचना के अनुपस्थिति की शिकायत करते हुए उसे हटाकर नया पदस्थ करने की मांग की। कलेक्टर ने उनकी शिकायत पर जांच कर कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। बिना सूचना के लंबे समय तक लगातार अनुपस्थित रहने वाले अन्य शिक्षकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों से राशन कार्ड, आवास, वन अधिकार पत्र सहित विभिन्न मांगों को लेकर 38 आवेदन प्राप्त हुए।

इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मटवाल में धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग

*जनदर्शन में ग्राम पंचायत मटवाल के ग्रामीणों ने गांव में धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की। इसी प्रकार जिले के अतिथि शिक्षकों ने 4 माह से वेतन नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जल्द से जल्द लंबित वेतन की राशि दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम मर्दापाल के ग्रामवासियों ने गांव में बालक एवं बालिका छात्रावास खोलने की मांग की।*

# साप्ताहिक बाजार जैतपुरी में चलाया स्वच्छता ही सेवा हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- स्वयंसेवकों ने सब्जी, फल ,विक्रेता, हॉटल, किराना व्यापारियों को किया जागरूक

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उच्चतर मा ध्य मि क विद्यालय जैतपुरी के स्वयंसेवकों ने 30 सितंबर को साप्ताहिक बाजार जैतपुरी में स्वच्छता अभियान चलाया। बाजार स्थल में जैतपुरी पंचायत के आश्रित ग्रामों मोहण्डपरा,सुवा डोंगरी,गदरा बेड़ा, पटेल पारा कबेंगा सहित आसपास ग्रामों के सब्जी, किराना, कपड़ा आदि बेचने व खरीदने पहुंचे लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह जूट या कपड़े के थैले उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी के मार्गदर्शन में सब्जी, किराना, आलू, प्याज, जूता, चप्पल विक्रेता कपड़ा दुकानदारों ,होटल व्यवसायियों से प्लास्टिक थैली में सामान नहीं देने के लिए जागरूक करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। जागरुकता अभियान एनएस एस के स्वयंसेवक, प्राचार्य राज कुमार, रामटेके रामटेके सलाहकार समिति के सदस्य सैय्यद तौसीफ आलम, देवेंद्र दीवान उमाशंकर साहू योगेश खापर्डे का विशेष सहयोग रहा।

## स्वच्छता की ली शपथ...




कोण्डागांव। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर शाऊमावि मयूर डोंगर जिला कोंडागांव में छात्र छात्राओं को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश सैमसन, वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद, यशवंत देवांगन, दिनेश गंधर्व, संजीव तालुकदार, हेमंत देहारी, दर्रो, जीवनधर नेताम, दीवान, प्रमानंद वैद्य, भारत देवांगन व समस्त स्टाफ और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# एनसीसी प्रथम वर्ष के कैडेट्स की हुई सिकलिन व हीमोग्लोबिन जांच



**कोण्डागांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के एनसीसी के प्रथम वर्ष के कैडेट्स की सिकलिन तथा हीमोग्लोबिन जांच की गई। जांच में कुल 58 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित हुए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. अजय सिंह एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उत्तम साहू, कृष्ण कुमार ध्रुव तथा कु. फूलवती पोयाम द्वारा कार्य का सम्पादन कराया गया। कार्य को सम्पन्न कराने में संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक, राजेश पाण्डेय, जयंत कुमार मजुमदार, एनसीसी अधिकारी अभिलाष निषाद, कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम सभी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दी। एनसीसी कैडेट्स साहिल जायसवाल, मोहित निषाद, लक्की मरकाम, मनीष कुमार, श्रवण, हरिओम एवं बिरेन्द्र कश्यप आदि का विशेष योगदान रहा।

पेज 11 के शेष...

### देशभर के कार...

खरगोन व गोलू उर्फ अजय चौहान 24 वर्ष निवासी सिरलय तहसील बढ़वा जिला खरगोन एमपी को गिरफ्तार कर जगदलपुर लाया गया। जहां से उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। पत्रवार्ता के दौरान एसपी सिन्हा के अलावा एएसपी माहेश्वर नाग, एसडीओपी केशलूर विश्वदीपक त्रिपाठी, सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल, डीएसपी गीतिका साहू व अन्य मौजूद थे।

### इन्द्रावती व महानदी...

को विशेष रूप से इसका ध्यान रखना चाहिए, आज बस्तर में जो सिंचित इलाका है उसका प्रतिशत मात्र 1.6 जो देश में सबसे कम है। यहां के लोग मजबूरी में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे है इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की दरकार है। बस्तर को पूरी तरह लूटने चाहे वह डिपाजिट क्रमांक 13 हो चाहे डिपाजिट क्रमांक चार हो चाहे आमदेई की खदान हो सब बड़े बड़े औद्यागिक घरानों की दी जा रही है। वे लोग वहां से अंधाधुंध लौह अयस्क निकाल के ले जा रहे है। सड़कें जो बनी थी वह पिछले 9 माह में गायब हो चुकी है। इस दौरान नवनीत चांद समेत सुकमा व दंतेवाड़ा जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


**4 हजार करोड़ का डीएमएफ घोटाला-** श्री जोगी ने कहा कि हमारी पार्टी ने छग में सबसे बड़ा डीएमएफ घोटाले के सबंधं में बस्तर के सभी सातों जिलों से दस्तावेज इकट्ठा कर ईडी को सौंप दिया था कि वह इसकी जांच करें। इस सबसे बड़े 4 हजार करोड़ का यह घोटाला है इसकी जांच की जानी चाहिए। जोगी ने कहा कि हाल ही में डीएमएफ के नियम में अजीब संसोधन कर दिया गया जिसमें अब डीएमएफ का पैसा जहां खदान है वहां के 25 किमी के दायरे में उसका उपयोग किया जाएगा। वह भी दिल्ली के लोग तय करेंगे और नही कर पाए तो यह राशि दिल्ली को चली जाएगी। आज यहां बस्तर में जो स्वास्थ्य कर्मी, रोजगार सहायक है उनको जो वेतन मिल रहा है वह डीएमएफ मद से मिल रहा है वो अगर बंद हो गया तो यहां की स्वास्थ्य सेवा का क्या हाल होगा। जोगी ने कहा कि इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। ईडी ने शराब, कोयला, महादेव व गोबर व अन्य घोटाले में चार्जशीट फाइल कर रखी है लेकिन इन घोटालों का सरगना मेन अभियुक्त उसके खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं की गई। जोगी ने कहा इन घोटालों में बीजेपी व कांग्रेस पार्टी का रिश्ता है यह रिश्ता किया कहलाता है सब समझ रहे है।

**कांग्रेस की न्याय यात्रा का स्वागत, मौका मिला तो होंगे शामिल-** आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में संगठन को पुनर्गठित कर सामान विचारधारा की पार्टी से बातचीत कर साझा रूप से भाग लें। जोगी ने कांग्रेस की न्याय यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि वह जो कर रहे है अच्छा काम कर रहे है। वहां के लोगों के साथ भारी अन्याय हुआ है। विशेषकर बलौदा बाजार में सतनामी समाज के साथ जोगी ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वे कांग्रेस की न्याय यात्रा में जरूर शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व आजाद पार्टी के सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने जो पहल की है इसकी सभी को सराहना करनी चाहिए। हम दोनों पार्टी का नैतिक समर्थन करते है और मौका मिला तो स्वयं समर्थन देने जाऊंगा।



## खबर संक्षेप

### शेरावाली मंदिर में ज्योति कलश स्थापना कल



**जगदलपुर।** मां सूर्यमुखी लाटावाली शेरावाली मंदिर कुरुंदी रोड नकटी सेमरा में शारदीय नवरात्र हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 3 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे पूजन पश्चात ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस आज

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर बस्तर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सीएस-2 (घघ) और विदेशी मदिरा एफएल-1 (घघ), एफएल-3 (होटल-बार), एफएल-7 (सैनिक कैंटीन) एवं मद्य भंडागार जगदलपुर को पूर्णतः बन्द रखे जाने आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में नियत दिवस पर मदिरा का विक्रय नहीं होने पाए और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यहार हो सके, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस आदेश का कड़ाई से परिपालन कराये जाने के निर्देश सर्व सम्बंधित अधिकारियों दिए गए हैं।

### पेंशनर संघ ने माना कलेक्टर का आभार



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ ने कलेक्टर हरीश एस का आभार व्यक्त करते कहा कि सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारियों को उनके समस्त स्वतों का भुगतान कर शाल श्रीफल एवं पुष्प माला पहनाकर उनके हाथ में पीपीओ पत्रक देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। सेवा निवृत्त होने वाले बुजुर्ग पेंशनर आशा करते हैं कि आपके कार्य काल में पेंशनरों के कोई प्रकरण लंबित नहीं रहेंगे। बुजुर्ग पेंशनरों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

### साफ-सफाई कर किया पौधरोपण



**जगदलपुर।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने स्वच्छता अभियान चला कर पौधरोपण किया। इस दौरान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिगंबर राव, नगर मंडल अध्यक्ष मनोज ठाकुर, रितेश सोनी, संजू ठाकुर, संतोष यादव, के. चंद्रमौली, राजू बघेल समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

पहली से पांचवी तक के छात्रों को रखा जा रहा है छात्रावास में

# प्रशासन के नाक के नीचे संचालित हो रहा है अवैध छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के दंतेवाड़ा मार्ग पर स्थित गादीरास में प्रशासन के नाक के नीचे अवैध तरीके से छात्रावास चलाने का मामला उजागर हुआ है। शासन के अनुमति के बिना पिछले 4 वर्षों से किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास का छात्रावास संचालित हो

- नीजि छात्रावास में छात्र व छात्राओं को एक साथ रखने का सनसनीखेज मामला

रहा है। शिक्षा विभाग को जानकारी होने के बाद भी किसी भी तरह की कार्रवाई का न होना कई तरह के प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। सुकमा जिले में स्कूल की आड़ में धर्मांतरण का मामला सुर्खियों में है। पिछले दिनों सुकमा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता अरूण सिंह भदौरिया व हुंगाराम मरकाम ने गादीरास स्थित किंग्स स्कूल का निरीक्षण कर गंभीर मामले को उजागर किया है। साथ ही स्कूल के भीतर चर्च व प्रार्थना को लेकर आपत्ति भी दर्ज की है।

### शिक्षा विभाग गंभीर नही

हुंगा राम मरकाम ने कहा इस विषय को लेकर जिले का शिक्षा विभाग कितना गम्भीर है, इससे पता चलता है। उनके नाक के नीचे से पिछले चार वर्षों से निजी मिशनरी शैक्षणिक संस्था द्वारा शासन के अनुमति के बगैर ही सुकमा जिले से 20 किलोमीटर दूर गादीरास में मिशनरी छात्रावास पिछले चार वर्षों से बगैर किसी डर से संचालित किया जा रहा है। जिसकी शिकायत कई बार आस-पास क्षेत्र के लोगों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी तक किया जा चुका है।

### प्रशासनिक उदासीनता का असर

जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी पर स्थित गादीरास में जिस तरह से पिछले 4 वर्षों से अवैध छात्रावास संचालित हो रहा था, उससे प्रतीत होता है कि कही न कही से प्रशासन अपने ही बनाये गये नियमों को तोड़ रहा है। शासन के नियमानुसार बिना अनुमति के आवासीय विद्यालय का संचालन नही किया जा सकता। गादीरास स्थित किंग्स पब्लिक स्कूल को सिर्फ नीजि स्कूल संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता का फायदा उठाते हुए उक्त संस्था ने आवासीय विद्यालय प्रारंभ कर दिया, जो कि पिछले 4 वर्षों से संचालित भी है।



### कैंपस में ही है चर्च

भाजपा नेता हूंगा राम मरकाम किंग्स पब्लिक स्कूल और मिशनरी आश्रम के निरीक्षण करने पे ये पाया कि स्कूल के अंदर ही कमरे में चर्च भी बना हुआ है। और कोई भी कक्ष में न भारत माता और न देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की फोटो है। न ही किसी महापुरुषों की फोटो लगी है।

### जल्द की जावेगी कार्रवाई

सुकमा जिले के जिला शिक्षाधिकारी गिरीश कुमार मंडावी ने कहा कि इस मामले को लेकर संस्था प्रमुख द्वारा न्यायालय में मामला ले जाया गया है। इस पूरे मामले को लेकर जल्द ही न्यायालय में जानकारी दी जावेगी, तत्पश्चात आगे की कार्रवाई की जावेगी।

### डीईओ से मांगेंगे जानकारी

इस मामले पर सुकमा एसडीएम सूरज कश्यप ने कहा कि पूरे प्रकरण की जानकारी डीईओ से ली जावेगी, उसके बाद जो भी कार्रवाई होगी वो की जावेगी।

### एक ही कैंपस में बालक व बालिका का आवास

दंतेवाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित किंग्स पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय अपने आप में अजूबा है। संभवतः यह पहली नीजि संस्था होगी, जिसके द्वारा अवैध तरीके से कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। वही सबसे गंभीर विषय यह है कि उक्त आवासीय विद्यालय के कैंपस में बालक व बालिकाओं को एक साथ रखा जा रहा है। विद्यालय पहुंच कर जांच करने पर पता चला कि उक्त संस्था में 36 बालक व 17 बालिकायें अध्ययनरत है।

### भाजपा नेताओं ने कहा सबकुछ है अवैध

भाजपा नेता अरूण सिंह भदौरिया व हुंगा राम मरकाम ने स्कूल के शिक्षक से स्कूल और आश्रम संचालित आदेश दिखाने को कहा, तो मिशनरी किंग्स पब्लिक स्कूल के पढ़ाने वाले शिक्षक ने गोल मोल जवाब देते हुये बताया कि सर पूरा आदेश के तहत ही स्कूल और छात्रावास संचालित किया जा रहा है। पर आदेश हमारे प्रिंसिपल के पास है और वे स्कूल के कागजात को लेकर जिला मुख्यालय सुकमा गये हुए है।

# बुजुर्गों की सेवा करना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि कर्तव्य : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर नकटी सेमरा स्थित आशा वृद्धाश्रम में आयोजित वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने

- अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान

90 बुजुगोंर् को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से 42 वरिष्ठजनों को छड़ी प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 51 वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाई प्रदान करने सहित स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दी गई। विधायक ने कहा कि बुजुगोंर् की सेवा करना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि कर्तव्य है। उनके अनुभव और सीख से हमें संस्कार मिलता है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। इसलिए किसी एक दिन उनका सम्मान करना नहीं अपितु हर दिन उनका आदर कर समुचित देखभाल का दायित्व निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि





अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुगोंर् का सम्मान करने का यह क्षण आत्मिक शांति और अपार खुशी प्रदान कर रहा है। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठजनों के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। साथ ही वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनका कुशल क्षेम पूछा। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी बुजुगोंर् का आदर-सम्मान कर उनकी समुचित देखभाल करने के संस्कार को सदैव बना कर रखने पर बल देते हुए भावी पीढ़ी को इस दिशा में तत्पर रहने कहा। इस दौरान आशा वृद्धाश्रम की संचालक मदर सिनसी ने बताया कि वर्ष 1978 में 4 निसहाय बुजुगोंर् की देखभाल से शुरू यह संस्था अब तक 600 से अधिक वरिष्ठजनों को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी है। शासन की सहायता से संस्था अपने उद्देश्य के अनुरूप संवेदनशील प्रयासों को अनवरत जारी रखने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर विद्याशरण तिवारी, आड़ावाल व नकटी सेमरा सरपंच, राधे पद्रें, गोविंद ईनाणी, जनप्रतिनिधियों सहित अपर कलेक्टर सीपी बघेल तथा अन्य अधिकारियों के अलावा वरिष्ठजन और आशा वृद्धाश्रम के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. ने जिला कार्यालय के आस्था कक्ष में आयोजित समारोह में कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवा काल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। यह परम्परा चलती रहे यही कोशिश रहेगी। प्रशासन की कोशिश है कि सेवानिवृत्ति के साथ ही सम्बंधित शासकीय सेवकों को लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वों का समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि लम्बी अवधि तक शासकीय और जनसेवा देने तथा शासन-प्रशासन का सहयोग देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी को शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।













### सेंट जेवियर को मिला बेस्ट स्कूल फॉर फ्यूचारिस्टिक एजुकेशन अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेंट जेवियर हाई स्कूल कुम्हरावंड पिछले दिनों ओड़िसा में आयोजित ओडिया टीवी द्वारा सेंट जेवियर स्कूलों की कड़ी में बेस्ट स्कूल फॉर फ्यूचस्टिक एजुकेशन के रूप में सम्मानित किया गया। छात्रों के समग्र विकास की दिवा में उनके प्रयासों को मान्यता दी। इस अवसर पर सीएमडी एवं चेयरमैन डॉ. जीएस पटनायक को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने इस सफलता का विद्यालय के शिक्षकों छात्रों और उनके अभिभावकों की मेहनत का परिणाम बताया। डॉ. पटनायक ने कहा कि यह पुरस्कार भविष्य की शिक्षा के लिए उनकी प्रतिवद्धता एवं योग्यता को दर्शाता है। इस सम्मान के साथ इन स्कूलों ने अपने शिक्षण स्तर को ऊंचा उठाने का संकल्प लिया है, ताकि वे छात्रों को चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कर सकें।

### स्वास्थ्य शिविर में 400 से अधिक मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत घाटकवाली में अस्थि रोग निवारण विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य

- घाटकवाली स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे आसपास के गांव के लोग

ग्रामीण क्षेत्रों में हड्डियों के रोगों से बचने और उनका बेहतर इलाज कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 414 मरीजों का निशुल्क उपचार कर दवाईयां दी गई। इसके अतिरिक्त 153 लोगों का पैथोलॉजिकल परीक्षण किया गया, जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का विश्लेषण और उपचार किया जा सके। डॉक्टरों ने मरीजों को बताया कि स्वस्थ



आहार फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से भरपूर आहार शरीर को हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। पर्याप्त आराम करने और तनाव के स्तर को प्रबंधित करने से हड्डियों के स्वास्थ्य सहित समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। शिविर में एसबीआई संजीवनी की टीम का योगदान रहा। जिसमें जिला समन्वयन सूरज पटनायक, मेडिकल ऑफिसर डॉ विभास ओझा, डॉ रुपेश यादव, फार्मासिस्ट योगेश पांडेय, लैब टेक्निशियन धनश्री सोनी, स्टाफ नर्स डोली ने सेवाएं दी।







# महाराष्ट्र की तरह छत्तीसगढ़ सरकार भी गाय को राज्यमाता घोषित करे : बाफना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में

- पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कराया ध्यानाकर्षण

भी गाय को राज्यमाता घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी गाय के धार्मिक महत्व के साथ ही लंबे समय तक खेती और एक आबादी की आजीविका का आधार रही है। भारतीय संस्कृति व हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार गाय महज एक पशु नहीं बल्कि हमारे लिए आस्था भी है। किन्तु वर्तमान समय में उसकी दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। हाल यह है कि जो गाय दूध देने के काबिल नहीं रहती, उन्हें सड़कों पर खुला छोड़ दिया जाता है। नतीजन वे अकसर दुर्घटनाओं का शिकार होती हैं। इसके अलावा गौ-वध जैसी घटनाएं भारतीय समाज की आस्था पर चोट करती हैं जो नहीं होनी चाहिए। इसके उपरांत भी प्रदेश में कहीं भी गायों के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं जिसे हमारी



संस्कृति एवं धर्मग्रंथों के अनुसार गौमाता की संज्ञा दी गई है। इसलिए प्रदेश में भी गौवंश को बचाने उनके संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर गौ-हिंसा को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

यह तभी संभव होगा जब छत्तीसगढ़ में भी गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया जाए। उनके चारे और स्वास्थ्य का भी ध्यान रखते हुए सब्सिडी योजना लागू की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से छत्तीसगढ़ में भी गौवंश तस्करी पर लगाम लगाई जा सकती है जिससे गायों की सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि होगी।